2017 का विधेयक संख्यांक 13

हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास (संशोधन) विधेयक, 2017

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास (संशोधन) विधेयक, 2017

खण्डों का क्रम

खण्ड :

1. संक्षिप्त नाम।
2. धारा 2 का प्रतिस्थापन।
3. धारा 3 का प्रतिस्थापन।
4. धारा 4 का प्रतिस्थापन।
5. कतिपय शब्दों का प्रतिस्थापन।
6. धारा 12–क का प्रतिस्थापन।
7. धारा 15 का संशोधन।
8. धारा 18 का संशोधन।
9. धारा 23 का संशोधन।
10. धारा 29 का संशोधन ।

2017 का विधेयक संख्यांक 13

हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास (संशोधन) विधेयक, 2017

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास अधिनियम, 1984 (1984 का अधिनियम संख्यांक 18) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक।**

भारत गणराज्य के अड़सठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :–

संक्षिप्त नाम।

1. इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास (संशोधन) अधिनियम, 2017 है।

धारा 2 का प्रतिस्थापन।

2. हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास अधिनियम, 1984 (जिसे इसमें इसके पश्चात् "मूल अधिनियम" कहा गया है) की धारा 2 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :–

"2. परिभाषाएं.–इस अधिनियम में जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(क) "अतिरिक्त मुख्य आयुक्त (मन्दिर)" से, धारा 3 के अधीन नियुक्त अतिरिक्त मुख्य आयुक्त (मन्दिर) अभिप्रेत है;

(ख) "सहायक आयुक्त (मन्दिर)" से, धारा 3 के अधीन नियुक्त सहायक आयुक्त (मन्दिर) अभिप्रेत है;

(ग) "पूर्त विन्यास" से, किसी समुदाय या उसके किसी वर्ग के उपयोग के उद्देश्यों के समर्थन या अनुरक्षण के लिए उनके फायदों के लिए दी गई या विन्यस्त या किसी समुदाय या उसके किसी वर्ग द्वारा अधिकार के रूप में प्रयुक्त समस्त

सम्पत्ति जैसे सराय, विश्राम गृह, पाठशालाएं, विद्यालय और महाविद्यालय, गरीबों को भोजन खिलाने के आवास तथा शिक्षा के अभिवर्धन के लिए संस्थाएं, चिकित्सा राहत निधि और लोक स्वास्थ्य या इसी प्रकार के अन्य उद्देश्य अभिप्रेत हैं और इसके अन्तर्गत सम्बद्ध संस्थाएं भी हैं ;

(घ) "मुख्य आयुक्त (मन्दिर)" से, धारा 3 के अधीन नियुक्त मुख्य आयुक्त (मन्दिर) अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत प्रत्येक ऐसा अधिकारी भी है जो इस अधिनियम के अधीन तत्समय, मुख्य आयुक्त (मन्दिर) की शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का पालन करता है;

(ङ) "आयुक्त (मन्दिर)" से, धारा 3 के अधीन नियुक्त आयुक्त (मन्दिर) अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत प्रत्येक ऐसा अधिकारी भी है, जो इस अधिनियम के अधीन तत्समय, आयुक्त (मन्दिर) की शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का पालन करता है;

(च) "सरकार" या "राज्य सरकार" से, हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;

(छ) "आनुवंशिक न्यासी" से, किसी धार्मिक संस्था का ऐसा न्यासी अभिप्रेत है जिसके पद का उत्तराधिकार, जब तक कि उत्तराधिकार की ऐसी पद्धति (स्कीम) प्रवृत्त है, आनुवंशिक अधिकार द्वारा, या तत्समय पदासीन न्यासी द्वारा, नामांकन द्वारा न्यायगत होता है या रूढ़ि द्वारा विनियमित होता है या संस्थापक द्वारा विनिर्दिष्टतया उपबंधित है;

(ज) "हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था" से, मठ, मन्दिर, समाध, समाधि, डेरा और उससे सम्बद्ध विन्यास या सार्वजनिक प्रयोजनार्थ धार्मिक उद्देश्य से स्थापित विनिर्दिष्ट विन्यास अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत निम्नलिखित भी है :–

(i) किसी मठ या मन्दिर, समाध, समाधि या डेरा में पूजा के लिए या उसमें रख रखाव या सुधार, परिवर्धन के लिए उनसे सम्बन्धित किसी सेवा या पूर्त कार्य के लिए दी गई या विन्यस्त सम्पूर्ण जंगम या स्थावर सम्पत्ति;

(ii) मठ या मन्दिर, समाध, समाधि या डेरा में स्थापित मूर्तियां, कपड़े, आभूषण और अलंकरण की अन्य वस्तुएं आदि; और

(iii) राज्य सरकार के सीधे नियन्त्रणाधीन धार्मिक संस्था किन्तु इसके अन्तर्गत ऐसे प्राइवेट धार्मिक मठ या मन्दिर सम्मिलित नहीं हैं जिनमें लोग हितबद्ध नहीं हैं :

परन्तु किसी भी हिमाचल प्रदेश सार्वजनिक धार्मिक संस्था में श्रद्धालुओं या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नकद या वस्तु रूप में कोई चढ़ावा ऐसी धार्मिक संस्थाओं की सम्पत्ति समझा जाएगा;

(झ) "संयुक्त आयुक्त (मन्दिर)" से, धारा 3 के अधीन नियुक्त संयुक्त आयुक्त (मन्दिर) अभिप्रेत है ;

(ञ) "मठ" से, हिन्दू विधि के अधीन मठ के रूप में समझा गया मठ अभिप्रेत है;

(ट) "अन आनुवंशिक न्यासी" से, ऐसा न्यासी अभिप्रेत है जो आनुवंशिक न्यासी नहीं है और इसके अन्तर्गत मन्दिर न्यास में इस प्रकार नियुक्त सरकारी अधिकारी या कर्मचारी भी है;

(ठ) "अधिकारी" से, इस अधिनियम के अधीन नियुक्त कोई अधिकारी अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत मुख्य आयुक्त (मन्दिर), अतिरिक्त मुख्य आयुक्त (मन्दिर), आयुक्त (मन्दिर), संयुक्त आयुक्त (मन्दिर), मन्दिर अधिकारी और सहायक आयुक्त (मन्दिर) भी है;

(ड) "विहित" से, इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ढ) "पुजारी" के अन्तर्गत पण्डा या अन्य व्यक्ति अभिप्रेत है जो पूजा या अन्य धार्मिक कृत्य करता है या उसका संचालन करता है;

(ण) "अनुसूची" से, इस अधिनियम से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(त) "धारा" से, इस अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(थ) "राज्य" से, हिमाचल प्रदेश राज्य अभिप्रेत है;

(द) "मन्दिर" से, किसी भी नाम से ज्ञात ऐसा स्थान अभिप्रेत है जिसका उपयोग सार्वजनिक धार्मिक पूजा स्थल के रूप में किया जाता हो और जो सार्वजनिक धार्मिक पूजा स्थल के रूप में हिन्दू समुदाय या उसके किसी वर्ग द्वारा अधिकार स्वरूप उपयोग में लाया जाता हो;

(ध) "मन्दिर न्यास" से, धारा 5 के अधीन आयुक्त (मन्दिर) द्वारा गठित न्यास अभिप्रेत है;

(न) "मन्दिर अधिकारी" से, सरकार द्वारा मन्दिर के दिन–प्रतिदिन के प्रबन्धन हेतु नियुक्त अधिकारी अभिप्रेत है; और

(प) "न्यासी" से किसी भी पदनाम से ज्ञात ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय अभिप्रेत है, जिसमें हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास का प्रशासन निहित है और इसके अन्तर्गत ऐसा कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय भी है जो वैसे ही दायी है मानो कि ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय ही न्यासी है।

धारा 3 का प्रतिस्थापन।

3. मूल अधिनियम की धारा 3 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :–

"3. मुख्य आयुक्त (मन्दिर) और अन्य अधिकारियों की नियुक्ति.–(1) सरकार के भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग का प्रशासनिक सचिव, सम्पूर्ण राज्य के लिए इस अधिनियम के अधीन या द्वारा उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने और सौंपे गए कृत्यों का पालन करने के लिए मुख्य आयुक्त (मन्दिर) होगा।

(2) निदेशक, भाषा, कला एवं संस्कृति हिमाचल प्रदेश या सरकार द्वारा नियुक्त कोई अन्य अधिकारी, सम्पूर्ण राज्य के लिए, विहित शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का पालन करने के लिए अतिरिक्त मुख्य आयुक्त (मन्दिर) होगा।

(3) सरकार, उपायुक्त या किसी अन्य अधिकारी को सम्पूर्ण राज्य या उसके विभिन्न भागों के लिए इस अधिनियम के अधीन या द्वारा उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिए या सौंपे गए कृत्यों का पालन करने के लिए आयुक्त (मन्दिर) के रूप में नियुक्त कर सकेगी।

(4) सरकार, उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) या किसी अन्य अधिकारी को, सम्पूर्ण राज्य या उसके विभिन्न भागों के लिए, विहित शक्तियों का प्रयोग करने और कृत्यों का पालन करने के लिए संयुक्त आयुक्त (मन्दिर) के रूप में नियुक्त कर सकेगी।

(5) सरकार, राजस्व विभाग के तहसीलदारों में से या किसी समतुल्य अधिकारी को प्रत्येक मन्दिर के लिए उसके कार्य की देख–रेख करने हेतु मन्दिर अधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकेगी।

(6) सरकार, जिला भाषा अधिकारी या किसी अन्य अधिकारी को, सम्पूर्ण राज्य या उसके विभिन्न भागों के लिए, विहित शक्तियों का प्रयोग करने और कृत्यों का पालन करने के लिए सहायक आयुक्त (मन्दिर) के रूप में नियुक्त कर सकेगी।

(7) सरकार समय–समय पर आयुक्त (मन्दिर) की सहायता करने के लिए ऐसे अन्य अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द, जो वह उचित समझे, की नियुक्ति कर सकेगी।

(8) प्रत्येक मन्दिर न्यास के कर्मचारियों के लिए भर्ती और प्रोन्नति नियम तथा सेवा की अन्य शर्तें ऐसी होंगी जो मुख्य आयुक्त (मन्दिर) द्वारा अनुमोदित की जाए :

परन्तु मन्दिर न्यास के कर्मचारियों को संदेय उपलब्धियां और अन्य धनीय प्रसुविधाएं मन्दिर न्यास की आय को ध्यान में रखते हुए विहित की जाएंगी और इस प्रयोजन के लिए सरकार मन्दिरों को, उनके संसाधनों पर आधारित, दो या अधिक वर्गों में वर्गीकृत कर सकेगी। सरकार, यदि उचित समझे, तो मन्दिर न्यास कर्मचारियों की सेवा के निबन्धनों के सम्बन्ध में अनुसरित किए जाने वाले साधारण नियमों को अनुमोदित कर सकेगी और उन्हें इस अधिनियम के अधीन राज्य के मन्दिर न्यासों के प्रत्येक भर्ती और प्रोन्नति नियमों में सम्मिलित किया गया समझा जाएगा।"।

धारा 4 का प्रतिस्थापन।

4. मूल अधिनियम की धारा 4 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :–

"4. अधिनियम के अधीन अधिकारी का हिन्दू होना.– इस अधिनियम के अधीन नियुक्त कोई अधिकारी हिन्दू धर्म को मानने वाले व्यक्तियों में से होगा ।"।

कतिपय शब्दों का प्रतिस्थापन।

5. मूल अधिनियम में,–

(क) धारा 12, 14, 16, 19, 22 और 28 में "वित्त आयुक्त" शब्द जहां–जहां आते हैं, के स्थान पर "मुख्य आयुक्त (मन्दिर)" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे; और

(ख) धारा 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 14, 16, 18, 19, 21, 22, 23, 25, 27, 30 और 34 में "आयुक्त" शब्द जहां–जहां आते है, के स्थान पर "आयुक्त (मन्दिर)" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे।

6. मूल अधिनियम की धारा 12–क के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :– धारा 12–क का प्रतिस्थापन।

"12–क. हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थाओं और पूर्त विन्यासों के सोने और चाँदी का अन्यसंक्रामण.– अनुसूची–1 में यथा सम्मिलित प्रत्येक हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास में श्रद्धालुओं से सोने और चाँदी की विभिन्न किस्मों (प्रकारों) के रूप में प्राप्त चढ़ावे को ऐसी रीति में अन्यसंक्रान्त किया जाएगा, जो विहित की जाए।"।

7. मूल अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (2) में, "आयुक्त" शब्द के स्थान पर "आयुक्त (मन्दिर) स्वयं या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी के माध्यम से" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे। धारा 15 का संशोधन।

8. मूल अधिनियम धारा 18 की उपधारा (5) में, "बीस" शब्द के स्थान पर "पच्चीस" शब्द रखा जाएगा। धारा 18 का संशोधन।

9. मूल अधिनियम की धारा 23 की उपधारा (4) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :– धारा 23 का संशोधन।

"(4) हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थाओं और पूर्त विन्यासों की वार्षिक संपरीक्षा भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग के अनुभाग अधिकारी (राज्य लेखा सेवाएं) द्वारा या स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा या मुख्य आयुक्त (मन्दिर) द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत किसी चार्टर्ड एकाउंटेण्ट द्वारा संचालित की जाएगी।"।

10. मूल अधिनियम की धारा 29 की उपधारा (1) में, "पूर्त विन्यास" शब्दों के पश्चात् "या मन्दिरों का समूह, यथास्थिति, शब्द और चिन्ह अन्तःस्थापित किए जाएंगे। धारा 29 का संशोधन।

उद्देश्यों और कारणों का कथन

हिमाचल प्रदेश हिन्दू धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास अधिनियम, 1984 हिन्दू लोक धार्मिक संस्थाओं और पूर्त विन्यासों के बेहतर प्रशासन और ऐसी संस्थाओं की संपत्तियों के संरक्षण हेतु उपबन्ध करने के लिए अधिनियमित किया गया था। तथापि, हिन्दू लोक धार्मिक संस्थाओं और पूर्त विन्यासों के प्रशासन में सक्रिय रूप से अन्तर्वलित अधिकतर प्राधिकारियों को अधिनियम में सम्मिलित नहीं किया गया था। इसलिए ऐसे प्राधिकारियों को अधिनियम में सम्मिलित किया जाना अपेक्षित है। तद्नुसार, ऐसे प्राधिकारियों को नियुक्त करने हेतु परिभाषाएं और प्रक्रिया प्रस्तावित विधान के माध्यम से प्रतिस्थापित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, मन्दिर न्यासों की भूमि और परिसरों पर अधिक्रमण होता आया है, इसलिए, सक्षम प्राधिकारी के समक्ष समुचित विधि के अधीन कार्यवाहियां प्रारम्भ करने के लिए आवेदन करने हेतु किसी अन्य अधिकारी को प्राधिकृत करने के लिए आयुक्त (मन्दिर) को सशक्त करने के लिए उपबन्ध किए जा रहे हैं। इससे अधिक्रमणों की त्वरित बेदखली सुनिश्चित होने की सम्भावना है। धार्मिक पूजा स्थलों के श्रद्धालुओं की संख्या में दिन–प्रतिदिन बढ़ौतरी हो रही है। इस प्रकार बेहतर प्रशासन की व्यवस्था करने के लिए न्यासियों की अधिकतम संख्या को तात्कालिक बीस से बढ़ाकर पच्चीस किया जा रहा है। प्रस्तावित विधान का उद्देश्य हिन्दू लोक धार्मिक संस्थाओं और पूर्त विन्यासों के प्रशासन में सुधार लाना है।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

(वीरभद्र सिंह)
मुख्य मन्त्री।

शिमला :
तारीख : ....., 2017

वित्तीय ज्ञापन

विधेयक के उपबन्ध अधिनियमित किए जाने पर विद्यमान सरकारी तन्त्र द्वारा प्रवर्तित किए जाने हैं और राजकोष से कोई अतिरिक्त व्यय नहीं होगा।

प्रत्यायोजित विधान सम्बन्धी ज्ञापन

विधेयक का खण्ड 3 और 6 राज्य सरकार को इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बनाने के लिए सशक्त करता है। शक्तियों का प्रस्तावित प्रत्यायोजन अनिवार्य और सामान्य स्वरूप का है।

हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास (संशोधन) विधेयक, 2017

हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास अधिनियम, 1984 (1984 का अधिनियम संख्यांक 18) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक**।

(वीरभद्र सिंह)
मुख्य मन्त्री।

(डॉ० बलदेव सिंह)
प्रधान सचिव (विधि)।

शिमला :
तारीख : ..... , 2017

इस संशोधन विधेयक द्वारा सम्भाव्य प्रभावित होने वाले हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास अधिनियम, 1984 (1984 का अधिनियम संख्याक 18) के उपबन्धों का उद्धरण

धाराएं :

2. **परिभाषाएं.**—इस अधिनियम में,जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, —

(क) "पूर्त विन्यास" से किसी समुदाय या उसके किसी वर्ग के उपयोग के उद्देश्यों के समर्थन या अनुरक्षण के लिए, उनके फायदे के लिए दी गई या विन्यास की गई या उक्त समुदाय या उसके वर्ग द्वारा अधिकार के रूप में प्रयोग में लाई गई सम्पूर्ण सम्पत्ति, जैसे कि सराय, विश्रामगृह, पाठशालाएं, स्कूल और महाविद्यालय, गरीबों को भोजन खिलाने के आवास तथा शिक्षा को बढ़ावा देने की संस्थाएं, चिकित्सा राहत निधि और लोक स्वास्थ्य या इस प्रकार के अन्य उद्देश्य, अभिप्रेत हैं और इसके अन्तर्गत सम्बन्धित संस्था भी है;

(ख) "आयुक्त" से धारा 3 के अधीन नियुक्त आयुक्त अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत प्रत्येक ऐसा अधिकारी भी है, जो इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन, तत्समय आयुक्त की शक्तियों का प्रयोग या उसके कृत्यों का पालन करता है;

(ग) "वित्त आयुक्त" से इस अधिनियम के अधीन शक्तियों का प्रयोग करने के लिए राज्य सरकार द्वारा नियुक्त वित्त आयुक्त अभिप्रेत है;

(घ) "सरकार" से हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;

(ङ) "आनुवंशिक न्यासी" से धार्मिक संस्था का ऐसा न्यासी अभिप्रेत है; जिसके पद का उत्तराधिकार, जब तक कि ऐसे उत्तराधिकार की पद्धति प्रवृत्त है, आनुवंशिक अधिकार द्वारा या तत्समय पद पर रहने वाले न्यासी द्वारा नामांकन द्वारा न्यायगत होता है या रूढ़ि द्वारा विनियमित होता है या संप्रवर्तक द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से उपबंधित है;

(च) "हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था " से धार्मिक उद्देश्य से सार्वजनिक प्रयोजन के लिए स्थापित मठ, मन्दिर, समाध, समाधि, डेरा और इससे सम्बद्ध विन्यास या विनिर्दिष्ट विन्यास अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत निम्नलिखित है,–

(i) किसी मठ, मन्दिर, समाध, समाधि या डेरा की या उसमें पूजा के लिए उसके अनुरक्षण या सुधार के लिए या उसमें परिवर्धन के लिए उनसे सम्बन्धित किसी सेवा या पूर्त कार्य के लिए दी गई या विन्यस्त की गई सम्पूर्ण जंगम या स्थावर सम्पति ;

(ii) मठ, मन्दिर, समाध, समाधि या डेरा में स्थापित मूर्तियां, कपड़े, आभूषण और अलंकरण आदि की अन्य वस्तुएं ; और

(iii) राज्य सरकार के सीधे नियन्त्रणधीन, धार्मिक संस्था; किन्तु इसके अर्न्तगत ऐसे निजी धार्मिक मठ, मन्दिर, समाध, समाधि या डेरा सम्मिलित नहीं है जिनमें जनता हितबद्ध नहीं है :

परन्तु किसी हिन्दू धार्मिक संस्था में किसी तीर्थयात्री या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कोई चढ़ावा, चाहे वस्तु रूप में या नकद में हो, ऐसी धार्मिक संस्था की सम्पत्ति समझी जाएगी; " ; और

(छ) "मठ " से हिन्दू विधि के अधीन मठ के रूप में समझा गया मठ अभिप्रेत है;

(ज) "अन–आनुवंशिक न्यासी" से ऐसा न्यासी अभिप्रेत है जो आनुवंशिक न्यासी नहीं है;

(झ) "विहित " से इस अधिनियम के अधीन सरकार द्वारा बनाए गये नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ञ) "पुजारी " के अन्तर्गत पांडा या न्यासी के रूप में पद धारण करने वाले आनुवंशिक न्यासियों से अन्यथा पूजा या अन्य धार्मिक कर्मकाण्ड करने के लिए आयुक्त द्वारा नियुक्त व्यक्ति है ;

(ट) "अनुसूची " से इस अधिनियम से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(ठ) "मंदिर " से ऐसा स्थान अभिप्रेत है, चाहे वह किसी भी नाम से जाना जाता हो, जिसका उपयोग सार्वजनिक धार्मिक पूजा–स्थल के रूप में किया जाता हो और जो सार्वजनिक धार्मिक पूजा स्थल के रूप में हिन्दू समुदाय या उसके किसी वर्ग को या उसके फायदे के लिए समर्पित किया गया हो या उक्त समुदाय या वर्ग द्वारा अधिकार स्वरूप इस उपयोग में लाया जाता हो ;

(ड) "न्यासी " से ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय अभिप्रेत है , चाहे वह किसी भी नाम से जाना जाता हो , जिसमें हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास का प्रशासन निहित हो और उसके अन्तर्गत ऐसा कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय भी है जो वैसे ही दायी है मानो ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय न्यासी है।

3. **आयुक्त और अन्य अधिकारियों की नियुक्ति.**–(1) राज्य सरकार, इस अधिनियम द्वारा या के अधीन आयुक्त को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने और सौंपे गए कृत्यों का अनुपालन करने के लिए सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश राज्य या उसके विभिन्न भागों के लिए एक या अधिक आयुक्तों की नियुक्ति करेगी।

"(1–क) राज्य सरकार का प्रधान सचिव या सचिव (भाषा, कला एवं संस्कर्षते) मुख्य आयुक्त (मन्दिर) होगा।

(2) राज्य सरकार , आयुक्त की सहायता के लिए समय–समय पर, ऐसे अन्य अधिकारियों और कर्मचारिवष्द की,जैसा कि वह उचित समझे , नियुक्ति कर सकेगी।

(3) उप–नियम (2) के अधीन , नियुक्त अधिकारियों की सेवा की शर्तें ऐसी होंगी जैसी सरकार अवधारित करे और मन्दिर न्यासों के कर्मचारियों के भर्ती और प्रोन्नति नियम तथा सेवा की शर्तें ऐसी होंगी, जैसी मुख्य आयुक्त (मन्दिर) द्वारा अधिसूचित की जाएं।

4. **आयुक्त का हिन्दू होना.**– आयुक्त और अन्य ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति, जिन्हें आयुक्त की किसी या सभी शक्तियों का प्रयोग और उसके कृत्यों का अनुपालन करने के लिए नियुक्त किया जाये, हिन्दु धर्म मानने वाले व्यक्तियों में से की जायेगी।

5. **आयुक्त की शक्तियां और कृत्य.**– (1) इस अधिनियम के अन्य उपवन्धों के अधीन रहते हुए सभी हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थाओं और पूर्त विन्यासों का प्रशासन , आयुक्त के साधारण अधीक्षण और नियन्त्रण के अधीन होगा और ऐसे अधीक्षण और नियन्त्रण के अन्तर्गत ऐसे आदेश पारित करने की शक्ति भी होगी जो सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक समझा जाए कि ऐसी संस्थाओं या विन्यासों का प्रशासन उचित रूप से किया जा रहा है और उनकी आय उन्हीं प्रयोजनों के लिए विनियोजित की जा रही है जिसके लिए ये स्थापित किए गए थे या विद्यमान हैं।

(2) पूर्वगामी उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, आयुक्त, इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग और न्यस्त कृत्यों का अनुपालन करेगा।

(3) धारा 20 के अध्यधीन आयुक्त, यदि उचित समझे, मन्दिर के अधीक्षण और नियन्त्रण के लिए न्यासियों की प्रबन्ध समिति का गठन कर सकेगा।

(4) किसी भी मन्दिर में भर्ती, यान का कय या नया निर्माण कार्य मुख्य आयुक्त (मन्दिर) के पूर्व अनुमोदन के अध्यधीन होगा।

(5) आयुक्त प्रत्येक स्कीम में पचास हजार रुपए तक के लिए वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करेगा और जिन स्कीमों में पचास हजार रूपए से अधिक का व्यय अन्तर्वलित है उन्हें मुख्य आयुक्त (मन्दिर) द्वारा अनुमोदित किया जाएगा और ऐसी स्कीमें निदेशक, भाषा और संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा मुख्य आयुक्त (मन्दिर) को अग्रेषित की जाएंगी:

परन्तु इस उप–धारा के अधीन नियत अधिकतम सीमा मन्दिर, न्यासों, समितियों या न्यासों या समितियों के नियन्त्रणाधीन अन्य संस्थाओं के कर्मचारिवृन्द के वेतन या मानेदय के लिए लागू नहीं होंगी।

6. **धार्मिक संस्थाओं द्वारा रजिस्टरों का तैयार किया जाना और उनका अनुरक्षण.–** (1) प्रत्येक हिन्दू सार्वजनिक संस्था और पूर्त विन्यास के लिए, ऐसा प्ररूप और ढंग में, जैसा कि विहित किया जाए, एक रजिस्टर तैयार किया और रखा जाएगा जिसमें निम्नलिखित बाते दर्शित की जाएंगी:–

(क) संस्था की सम्पत्ति और इतिहास, भूतपूर्व और वर्तमान न्यासियों के नाम और न्यासी के पद के उतराधिकार सम्बन्धी रूढि या प्रथा की, यदि कोई हो, विशिष्टियां ;

(ख) प्रशासन की स्कीम और व्यय के मान की विशिष्टियां ;

(ग) उन सभी पदों के नाम जिनसे कोई वेतन, परिश्रमिक या परिलब्धि संलग्न है और प्रत्येक मामले में सेवा का स्वरूप, समय और शर्तें ;

(घ) धन, आभूषण, सोना, चांदी, रत्न, बर्तन और पात्र और संस्था की अन्य चल सम्पतियां उनके बजन सहित, संघटक तत्वों का ब्यौरा और उनका अनुमानित मूल्य ;

(ङ) संस्था की जंगम सम्पत्तियां और अन्य सभी विन्यासों की और समस्त हक–विलेखों और दस्तावेजों की विशिष्टयां;

(च) संस्था में की या उनसे सम्बद्ध मूर्तियों और अन्य प्रतिमाओं की, चाहे वे पूजा के लिए आशयित हों या शोभा यात्रा में ले जाने के लिए हों, विशिष्टियां, उनके संघटक तत्वों के विवरण और रंगीन फोटो चित्र;

(छ) प्राचीन या ऐतिहासिक अभिलेखों की, उनकी संक्षिप्त विषय–वस्तु सहित विशिष्टियां ;

(ज) ऐसी अन्य विशिष्टियां जैसी कि आयुक्त द्वारा अपेक्षित हों।

(2) रजिस्टर, सम्बन्धित संस्था के न्यासी द्वारा या उसके प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा तैयार, हस्ताक्षरित और सत्यापित किया जाएगा और वह आयुक्त द्वारा इस निमित्त उसे तामील करवाई गई सूचना की तारीख से तीन मास के भीतर या ऐसी अतिरिक्त अवधि के भीतर जो आयुक्त द्वारा अनुज्ञात की जाए, उसे दो प्रतियों में, आयुक्त को प्रस्तुत करेगा :

परन्तु प्रत्येक न्यासी या इस निमित, उसके द्वारा विशेष रूप से प्राधिकृत उसके अभिकर्ता से एक शपथ–पत्र देने की अपेक्षा की जायेगी कि रजिस्टर में यथादर्शित , संस्था के स्वामित्वाधीन जंगम और स्थावर दोनों प्रकार की सम्पति की सूची पूर्ण है।

(3) आयुक्त, ऐसी जांच करने के पश्चात, जैसी वह आवश्यक समझे, रजिस्टर में ऐसे परिवर्तन, लोप या परिवर्धन करने की, जैसे वह उचित समझे, सिफारिश और निदेश, न्यासी को कर सकेगा।

(4) न्यासी, आयुक्त के निर्देशों का पालन करेगा और आदेश की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर रजिस्टर को आयुक्त के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेगा और ऐसा करने में असफल होने पर, रजिस्टर तदनुसार शुद्ध किया गया समझा जाएगा।

(5) आयुक्त द्वारा यथा अनुमोदित रजिस्टर की एक प्रति, न्यासी को उपलब्ध करवाई जाएगी।

7. **रजिस्टर का वार्षिक सत्यापन.**– (1) न्यासी या उसका प्राधिकृत अभिकर्ता , प्रत्येक वर्ष या ऐसे अन्तरालों पर जैसा विहित किया जाए, रजिस्टर में की गई प्रविष्टियों की संवीक्षा करेगा और सत्यापित विवरणी को, जिसमें रजिस्टर में किए जाने वाले परिवर्तन, लोप और परिवर्धन दर्शित किए गए हैं, आयुक्त के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेगा।

(2) आयुक्त, तब ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसा कि वह आवश्यक समझे, रजिस्टर में परिवर्तन, लोप या परिवर्धन, यदि कोई हो, करने के निदेश दे सकेगा।

(3) उप–धारा (2) के अधीन किए गए ओदश की एक प्रति न्यासी को उपलब्ध करवाई जाएगी।

(4) न्यासी उन परिवर्तनों, लोपों या परिवर्धनों को जिनका आदेश आयुक्त ने दिया है, अपने द्वारा रखे गए रजिस्टर की प्रति मे, आदेश की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर करेगा और ऐसा करने में असफल होने पर, रजिस्टर की प्रति तदनुसार शुद्ध की गई समझी जायेगी।

8. **अधिनियम के अधीन किए गए आदेशों का पालन करने के लिए न्यासी का बाध्य होना.**– हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास का न्यासी, इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन आयुक्त द्वारा दिए गए सभी निदेशों और आदेशों का पालन करेगा।

9. **न्यासी से अपेक्षित सावधानी और उसकी शक्तियां.**– (1) प्रत्येक हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास का न्यासी उसके कार्यों का प्रशासन और उसकी निधियों और सम्पतियों का उपयोग न्यास के निबन्धनो, संस्था की रूढ़ियों और प्रथाओं और ऐसे वैध निदेशों के अनुसार करेगा जो सक्षम प्राधिकारी इस निमित्त उसे दें।

(2) न्यासी, इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास के प्राज्ञवान और फायदाप्रद प्रशासन की आनुषंगिक सभी शक्तियों का प्रयोग करने का हकदार होगा और उस पर अधिरोपित कर्तव्यों के सम्यक् अनुपालन के लिए प्रत्येक आवश्यक कार्रवाई करेगा।

(3) न्यासी, पद से अपने हटाए जाने के लिए या उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए या उसके आनुषंगिक किसी वाद, अपील या आवेदन में अपने द्वारा उपगत खर्चों, प्रभारों और व्ययों को पूरा करने के लिए, हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास की निधियों का व्यय करने का हकदार नहीं होगा;

परन्तु न्यासी ऐसे खर्चों, प्रभारों या व्ययों से अपनी प्रतिपूर्ति कर सकेगा यदि उसे आयुक्त द्वारा ऐसा करने की विनिर्दिष्ट अनुमति दे दी गई हों।

10. **न्यासी द्वारा लेखाओं और विवरणियों इत्यादि का प्रस्तुत किया जाना.**– प्रत्येक, हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास का न्यासी, उसके प्रभार में की संस्था के प्रशासन, उसकी निधियों, सम्पत्ति या आय या उससे सम्बद्ध धनराशि या उसके विनियोजन संबन्धी ऐसे लेखा–विवरणियां, रिपोर्टें या अन्य सूचनाएं जैसी आयुक्त अपेक्षा करें, आयुक्त को देगा और वे ऐसे समय और ऐसे प्ररूप में दी जायेंगी जैसा कि वह निदेश दे।

11. **सम्पत्ति और दस्तावेजों का निरीक्षण.**– (1) आयुक्त इस निमित, आयुक्त या सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी या कोई अन्य व्यक्ति किसी हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास की समस्त जंगम या स्थावर सम्पत्ति और उससे सम्बन्धित समस्त अभिलेखों, पत्राचार, योजनाओं, लेखाओं और अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण कर सकेगा और ऐसी संस्था और विन्यास के न्यासी और उसके अधीन कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों, इसके अभिकर्ता और उसके प्रशासन से सम्बद्ध किसी भी

व्यक्ति का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसी सभी सहायता और सुविधाएं दे जो ऐसे निरीक्षण के सम्बन्ध में आवश्यक और युक्ति–युक्त रूप से अपेक्षित हों और ऐसी किसी भी जंगम सम्पत्ति या दस्तावेज को, यदि अपेक्षित हो, निरीक्षण के लिए प्रस्तुत भी करे।

(2) पूर्वोक्त निरीक्षण के प्रयोजनार्थ निरीक्षण अधिकारी को, स्थानीय आचार, रूढ़ि या प्रथा के अधीन रहते हुए किसी भी सार्वजनिक धार्मिक संस्था के परिसर में या पूजा के किसी भी स्थल में, युक्तियुक्त समय पर प्रवेश करने की शक्ति होगी।

(3) इस धारा की कोई भी बात किसी भी व्यक्ति को उप–नियम (2) में निर्दिष्ट परिसर या स्थल या उसके किसी भाग मे प्रवेश करने का प्राधिकार देने वाली तब तक नहीं समझी जाएगी जब तक ऐसा व्यक्ति उस धर्म को मानने वाला न हो जिसका ऐसा परिसर या स्थल है।

12. **सार्वजनिक धार्मिक संस्थाओं और पूर्त विन्यासों को स्थावर सम्पत्ति का हस्तान्तरण.**– (1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में किसी बात के होते हुए भी, किसी हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास की या उसके प्रयोजनार्थ दी गई या विन्यास की गई किसी स्थावर सम्पत्ति का विनिमय, विक्रय या बंधक या किसी भी अन्य रीति से अन्तरण या पट्टा तब तक नहीं दिया जायेगा जब तक ऐसा अन्तरण आयुक्त द्वारा संस्था के लिए आवश्यक या फायदाप्रद होने के कारण मंजूर नहीं कर दिया जाता है और इस उप–धारा के उल्लंघन में किया गया कोई भी अन्तरण शून्य और प्रभावहीन होगा।

(2) ऐसी मंजूरी देते समय, आयुक्त, उसे ऐसी शर्तों और निदेशों के अधीन घोषित कर सकेगा जैसा कि वह संव्यवहार द्वारा प्राप्त रकम के उपयोग, उसके विनिधान और बन्धक के मामले में, युक्तियुक्त अवधि के भीतर, उसके उन्मोचन के बारे में आवश्यक समझे।

(3) इस धारा के अधीन आयुक्त के आदेश की एक प्रति न्यासी को भेजी जाएगी और ऐसी रीति से प्रकाशित की जाएगी जैसी विहित की जाए।

(4) न्यासी, आदेश की प्रति की प्राप्ति की तारीख से तीन मास के भीतर और इसमें हितबद्ध कोई व्यक्ति उसके प्रकाशन की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर , वित्त आयुक्त को अपील कर सकेगा जो आदेश को उपांतरित या अपास्त कर सकेगा।

12–क. **हिन्दू सार्वजानिक धार्मिक संस्थाओं और पूर्त विन्यासों के सोने और चाँदी का अन्यसंक्रामण.**–(1) हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थाओं और पूर्त विन्यासों द्वारा सोने और चाँदी के विभिन्न प्रकारों में प्राप्त श्रद्धालुओं के चढ़ावे को उपधारा (2) के अधीन गठित समिति के अनुमोदन के

पश्चात् शोधित, विनिहित और व्ययनित करवाया जाएगा। सोने और चाँदी को खान और खनिज व्यापारिक निगम, मुम्बई से शोधित करवाया जाएगा और उसका निवेश तथा व्ययन, निम्नलिखित रीति में किया जाएगा, अर्थात् :–

(क) **सोना** :

(i) दस प्रतिशत सोना मन्दिर से सम्बन्धित विभिन्न क्रियाकलापों के लिए उपयोग में लाया जाएगा ;

(ii) बीस प्रतिशत सोने का निवेश भारतीय स्टेट बैंक की "स्वर्ण बॉन्ड स्कीम" में किया जाएगा;

(iii) बीस प्रतिशत सोना मन्दिर में आरक्षित (रिजर्व) रखा जाएगा ; और

(iv) पचास प्रतिशत सोने को, सोने के बिस्कुटों या सिक्कों में परिवर्तित किया जाएगा और उनका तत्समय विद्यमान चालू बाजार कीमत पर श्रद्धालुओं तथा तीर्थ यात्रियों को विक्रय किया जाएगा।

(ख) **चाँदी** :

(i) बीस प्रतिशत चाँदी मन्दिर से सम्बन्धित विभिन्न क्रियाकलापों के लिए उपयोग में लाई जाएगी ;

(ii) बीस प्रतिशत चाँदी मन्दिर में आरक्षित (रिजर्व) रखा जाएगा ; और

(iii) साठ प्रतिशत चाँदी सक्कों में परिवर्तित किया जाएगा और उनका तत्समय विद्यमान चालू बाजार कीमत पर श्रद्धालुओं तथा तीर्थ यात्रियों को विक्रय किया जाएगा।

(2) सोने और चाँदी के शोधन और उनके व्ययन के लिए अनुमोदन प्रदान करने के प्रयोजन के लिए आयुक्त (मन्दिर) द्वारा समिति गठित की जाएगी, जो निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगी, अर्थात्:–

(i) सम्बद्ध आयुक्त (मन्दिर) – अध्यक्ष ;
(ii) मन्दिर न्यास का शासकीय सदस्य – सदस्य ;

(iii)	राज्य सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट किए जाने वाले दो गैर–सरकारी सदस्य	–	सदस्य ;
(vi)	सम्बद्ध जिला भाषा अधिकारी	–	सदस्य ; और
(vii)	सम्बद्ध मन्दिर का मन्दिर अधिकारी	–	सदस्य सचिव।

(3) गैर–सरकारी सदस्यों की पदावधि, अधिसूचना की तारीख से दो वर्ष होगी, तथापि गैर–सरकारी सदस्य को राज्य सरकार द्वारा, कारणों को लिखित में अभिलिखित करके, उसकी पदावधि के अवसान से पूर्व किसी भी समय हटाया जा सकेगा।

(4) गैर–सरकारी सदस्य, समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिए राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी नियमों और अनुदेशों के अनुसार यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता लेने का हकदार होगा। यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता मन्दिर अधिकारी द्वारा सम्बद्ध मन्दिर की आय से संदत्त किया जाएगा।

(5) उपधारा (2) के अधीन गठित समिति के कृत्यों के अनुश्रवण (मॉनीटरिंग) और पर्यवेक्षण के लिए प्रधान सचिव (भाषा, कला एवं संस्कृति) एवं मुख्य आयुक्त (मन्दिर) द्वारा राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया जाएगा।

समिति निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगी, अर्थात् :–

(i)	मुख्य आयुक्त (मन्दिर)	अध्यक्ष ;
(ii)	निदेशक, (भाषा एवं सस्कृति) हिमाचल प्रदेश	सदस्य ; और
(iii)	वित्त विभाग का एक प्रतिनिधि, जो संयुक्त सचिव या इससे ऊपर की पंक्ति का होगा।	सदस्य।

14. **विधि–विरूद्ध तथा अन्य संक्रांत स्थावर सम्पत्ति का प्रत्युद्धरण.**– (1) जब भी आयुक्त को यह सूचना प्राप्त होती है कि किसी हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास की किसी सम्पत्ति का अन्य संक्रामण धारा 12 के उल्लंघन में किया गया है तो वह इस मामले को वित्त आयुक्त को निर्दिष्ट करेगा।

(2) उप–धारा (1) के अधीन निर्देश के प्राप्त होने पर , वित्त आयुक्त विहित रीति से संक्षिप्त जांच करेगा और इस बात का समाधान होने पर कि ऐसी किसी सम्पत्ति का अन्य संक्रामण इस प्रकार किया गया है उसका कब्जा संस्था या विन्यास के न्यासी को देगा।

15. **धार्मिक संस्था और विन्यास की भूमि और परिसर पर अधिक्रमण का हटाना.**—(1) हिमाचल प्रदेश सरकारी स्थान और भूमि (बेदखली और किराया वसूली) अधिनियम, 1971 के उपबन्ध जहां तक हो सके, किसी हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास की किसी भी भूमि या परिसर के अप्राधिकृत अधिभाग की बाबत उसी प्रकार लागू होंगे मानो वह उस अधिनियम के अर्थान्तर्गत सरकारी सम्पत्ति हो ।

(2) आयुक्त, उक्त अधिनियम के अधीन कार्यवाहियां आरम्भ करने के लिए तद्धीन सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकेगा और तत्पश्चात् ऐसे प्राधिकारी के लिए उक्त अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार कार्यवाही करना विधिसंगत होगा ।

16. **हिन्दू धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास के संरक्षण के लिए कार्य करने की शक्ति.**—(1) जहाँ आयुक्त को ऐसा विश्वास करने का कारण है कि:—

(क) किसी हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास की किसी सम्पत्ति को नष्ट होने, क्षतिग्रस्त होने या किसी न्यासी या किसी व्यक्ति द्वारा अन्य संक्रामण को खतरा है;

या

(ख) न्यासी या ऐसा व्यक्ति उस सम्पति को हटाने या व्यय करने की धमकी देता है या ऐसा करने का आशय रखता है, वहां आयुक्त, ऐसी सम्पति के नाश, क्षति, अन्य संक्रामण, विक्रय हटाने या व्ययन को रोकने और निवारित करने के प्रयोजनार्थ आदेश द्वारा अस्थायी व्यक्ति या ऐसा अन्य आदेश, व्यादेश की अवधि, लेखा रखने, सुरक्षा प्रदान करने, सम्पति को प्रस्तुत करने बारे में या अन्यथा ऐसे निबन्धनों पर कर सकेगा जैसा वह उचित समझे।

(2) आयुक्त ऐसे सभी मामलों में सिवाय उन मामलों के जहां यह प्रतीत होता हो कि विलम्ब के कारण व्यादेश मंजूर करने का उद्देश्य निष्फल हो जायेगा, व्यादेश मंजूर करने से पूर्व, तथ्यों की सूचना न्यासी या सम्बन्धित व्यक्ति को देगा।

(3) आयुक्त, न्यासी या सम्बन्धित व्यक्ति को सुनने और ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसा कि वह ठीक समझे, व्यादेश के आदेश को, पुष्ट, प्रभावोन्मुक परिवर्तित या अपास्त कर सकेगा या समुचित आदेश पारित कर सकेगा।

(4) आयुक्त व्यादेश या इसकी किसी शर्त या इस अधिनियम के अधीन पारित किसी आदेश की अवज्ञा या उल्लंघन के मामले में, वित्त आयुक्त को आवेदन कर सकेगा जो आयुक्त और प्रभावित पक्षकार की सुनवाई के पश्चात ऐसी अवज्ञा या उल्लंघन के दोषी व्यक्ति की सम्पति को कुर्क करने के

आदेश दे सकेगा और उक्त व्यक्ति को ऐसी अवधि के लिए जो एक वर्ष से अधिक की नहीं होगी सिविल कारागार में निरूद्ध रखने के आदेश भी कर सकेगा। इस उप–धारा के अधीन कोई भी कुर्की दो वर्ष से अधिक के लिए प्रवृत्त नहीं रहेगी। ऐसे समय की समाप्ति पर यदि अवज्ञा या उल्लंघन जारी रहता है तो कुर्क सम्पति का विक्रय किया जा सकेगा और जिला न्यायाधीश विक्रय के आगम में से ऐसा प्रतिकर अधिनिर्णीत कर सकेगा जैसा वह ठीक समझे और अतिशेष का, यदि कोई हो, उसके लिए हकदार व्यक्ति को भुगतान करेगा और तदुपरि किया गया व्यादेश या इस धारा के अधीन आयुक्त द्वारा पारित कोई आदेश, यदि प्रवृत हो, बातिल या रद्द हो जायेगा।

(5) न्यासी या कोई व्यक्ति, जिसके विरूद्ध व्यादेश का आदेश या इस अधिनियम के अधीन कोई अन्य आदेश पारित किया गया हो, ऐसे आदेश की सूचना की तारीख से नब्बे दिन के भीतर ऐसे आदेश के विरूद्ध वित्त आयुक्त को अपील कर सकेगा।

18. **अन–आनुवंशिक न्यासों और पुजारी की नियुक्ति और पदावधि** .–(1) आयुक्त, ऐसे मामलों में, जहां हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास का आनुवंशिक न्यासी या पुजारी नहीं है, ऐसी हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास के लिए, यथास्थिति, अन–आनुवंशिक न्यासी या पुजारी की नियुक्ति करेगा, और ऐसी नियुक्ति करते समय उसे उस धार्मिक सम्प्रदाय के व्यक्तियों का ध्यान रखना पड़ेगा जिनके हित के लिए कथित संस्था और पूर्त विन्यास मुख्यतः अनुरक्षित है।

(2) अन–आनुवंशिक न्यासी या पुजारी पांच वर्ष की अवधि के लिए तब तक पद धारण करेगा जब तक कि इसी बीच न्यासी या पुजारी को हटाया या पदच्युत नहीं किया जाता है या वह न्यासी या पुजारी नहीं रह जाता है।

(3) प्रत्येक अन–आनुवंशिक न्यासी या पुजारी जो उस तारीख को, जो सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट की जाए, विधिपूर्वक पद धारण करता है अपनी पदावधि के अपर्यवसित भाग के लिए या यदि पदावधि नियत न हो तो आगामी पांच वर्ष की अवधि के लिए इस अधिनियम के अधीन सम्यक् रूप से नियुक्त किया गया समझा जाएगा।

(4) अन–आनुवंशिक न्यासी या पुजारी पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा।

(5) उप–धारा (1) में अर्न्तविष्ट किसी बात के होते हुए भी, आयुक्त शासकीय, अशासकीय, आनुवंशिक तथा अन–आनुवंशिक न्यासियों सहित बीस से अधिक न्यासियों को नियुक्त नहीं करेगा जो न्यास का गठन करेंगे।

(6) न्यास की बैठक के लिए गणपूर्ति न्यासियों की कुल संख्या के दो तिहाई से होगी।

19. **न्यासियों और पुजारियों को निलम्बित करने, हटाने या पदच्युत करने की शक्ति.**– (1) आयुक्त, किसी भी हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास के न्यासी या पुजारी को निम्नलिखित कारणों से निलम्बित, हटा या पदच्युत कर सकेगा:–

(क) आयुक्त या इस निमित प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी को बजट, लेखा, रिपोर्ट या विवरणियां प्रस्तुत करने में लगातार व्यतिक्रम ;

(ख) आयुक्त या सरकार द्वारा इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन जारी किए गए किसी भी आदेश की जानबूझ कर अवज्ञा करना ;

(ग) हिन्दू धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास के बारे में किसी दुष्करण, अपकरण, न्यासभंग या कर्तव्य की उपेक्षा या इस अधिनियम के उल्लंघन में किसी सम्पति का अन्य संक्रामण करना;

(घ) धार्मिक संस्था और विन्यास की सम्पत्ति का, जिसका वह न्यासी या पुजारी है, दुर्विनियोग या अनुचित व्यवहार ;

(ङ) मन्दिर में, मादक–शराब या मादक द्रव्य के प्रभावाधीन पाया जाना ;

(च) विकृतचितता या अन्य मानसिक या शारीरिक त्रुटि या अशक्तता, जो उसे न्यासी या पुजारी के कृत्यों का पालन करने में अनुपयुक्त बनाती है :

परन्तु कोई न्यासी या पुजारी इस अधिनियम के अधीन आयुक्त द्वारा तब तक हटाया या पदच्युत नहीं किया जाएगा जब तक कि उसे सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान नहीं कर दिया जाता है।

(2) अन–आनुवंशिक न्यासी या पुजारी जिसको, उप–नियम (1) के अधीन आयुक्त द्वारा निलम्बित, हटाया या पदच्युत किया जाता है वह निलम्बन, हटाए जाने या पदच्युति के आदेश की प्राप्ति की तारीख से, एक मास के भीतर ऐसे प्राधिकारी को और ऐसी रीति से अपील कर सकेगा जो सरकार द्वारा विहित किया जाये।

(3) आनुवंशिक न्यासी या पुजारी, जिसको उप–नियम (1) के अधीन आयुक्त द्वारा निलम्बित, हटाया या पदच्युत किया जाता है, वह आदेश की प्राप्ति की तारीख से, दो मास के भीतर वित्त आयुक्त को अपील कर सकेगा।

(4) ऐसे निलम्बित, हटाए गए या पदच्युत आनुवंशिक न्यासी या पुजारी को ऐसा भरणपोषण अनुज्ञात किया जा सकेगा जो आयुक्त द्वारा, संस्था की आर्थिक स्थिति पर विचार करते हुए, नियत किया जाए।

21. **आनुवंशिक न्यासी या पुजारी के पद में रिक्ति का भरा जाना.–** (1) जब हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास के आनुवंशिक न्यासी या पुजारी के पद में रिक्ति हो जाती है तो उत्तराधिकार परम्परा में, निकटतम उत्तरवर्ती कार्यभार संभालेगा।

(2) जब, यथास्थिति, धारा 19 की उप–धारा (1) के अधीन आनुवंशिक न्यासी या पुजारी के निलम्बन के कारण या धारा 20 के उपबन्धों के अधीन उसका पद धारण करना समाप्त हो जाने के कारण ऐसे पद में अस्थायी रिक्ति हो जाती है तो आयुक्त उत्तराधिकार परम्परा में निकटतम उत्तरवर्ती को, यथास्थिति, न्यासी या पुजारी के कृत्यों का पालन करने के लिए तब तक नियुक्त करेगा जब तक ऐसी निर्योग्यता समाप्त नहीं हो जाती है।

(3) जब ऐसे पद में स्थायी या अस्थायी रिक्ति हो जाती है और इस पद के उत्तराधिकार के सम्बन्ध में कोई विवाद है या जब ऐसी रिक्ति तुरन्त नहीं भरी जा सकती है या ऐसे व्यक्ति के सम्बन्ध में विवाद है जो उस रूप में कार्य करने का हकदार है तो आयुक्त, धार्मिक संस्था और विन्यास के न्यासी या पुजारी के कृत्यों का पालन करने के लिए किसी उपयुक्त व्यक्ति को उस समय तक के लिए जब तक आनुवंशिक न्यासी या पुजारी की निर्योग्यता समाप्त नहीं हो जाती है या कोई दूसरा आनुवंशिक न्यासी या पुजारी पदभार संभाल नहीं लेता है या ऐसी अल्पावधि के लिए, जैसा आयुक्त निदेश दे, नियुक्त कर सकेगा।

स्पष्टीकरण.–इस धारा के अधीन नियुक्ति करते समय, आयुक्त, उत्तराधिकार के अधिकारी परिवार के सदस्यों के दावों का, यदि कोई हो, पूरा ध्यान रखेगा।

22. **धार्मिक संस्थाओं और पूर्त विन्यासों का बजट.–** (1) हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास के न्यासी, प्रतिवर्ष दिसम्बर के अन्त से पूर्व ऐसे प्राधिकारी को और ऐसे प्रारूप में और ऐसी रीति से, जैसी राज्य सरकार विहित करे, हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यासों को आगामी वर्ष के दौरान सम्भाव्य प्राप्तियों और संवितरणों को दर्शित करते हुए बजट प्रस्तुत करेंगे।

(2) ऐसे प्रत्येक बजट में निम्नलिखित के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी :–

(क) तत्समय प्रवृत्त व्ययों का मान और रूढ़िगत व्यय ;
(ख) संस्था और विन्यास पर आबद्धकर सभी दायित्वो का सम्यक् निर्वहन ;

(ग) संस्था के उद्देश्यों से अनसंगत धार्मिक, शैक्षणिक और पूर्त प्रयोजनों पर व्यय ;

(घ) धार्मिक संस्था के सिद्धांतों के अनुसार धार्मिक शिक्षा के प्रोत्साहन और विस्तार ;

(ङ) हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास के भवनों की मुरम्मत और नवीकरण और सम्पति तथा आस्तियों के परिरक्षण और संरक्षण पर व्यय; और

(च) ऐसे व्ययों की रकम जो न्यासी द्वारा धारा 17 के अधीन उपगत किए जा सकेंगे।

(3) आयुक्त बजट की प्राप्ति पर, ऐसे परिवर्तन, लोप या परिवर्धन कर सकेगा जैसे कि वह उचित समझे।

(4) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के या किसी प्रतिकूल रूढ़ि, प्रथा या आचरण के होते हुए भी आयुक्त, किसी पद के धारक के लिए पारिश्रमिक या धार्मिक संस्था और विन्यास की बाबत किसी व्यय को किसी अन्य मद के लिए की गई व्यवस्था में वृद्धि, कमी या उपान्तरण कर सकेगा, यदि ऐसी वृद्धि कमी या उपान्तरण धार्मिक संस्था और विन्यास की वित्तीय परिस्थितियों और हित को ध्यान में रखते हुए आवश्यक हो।

(5) न्यासी, आयुक्त द्वारा उप–धारा (3) या उप–धारा (4) के अधीन पारित आदेश की उस द्वारा प्राप्ति की तारीख से एक मास के भीतर ऐसे आदेश के विरूद्ध वित्त आयुक्त को अपील कर सकेगा।

(6) लेखा परीक्षा और लेखा विवरणिका सहित, वार्षिक बजट अनुमोदन के लिए प्रबन्ध समिति के समक्ष रखा जाएगा।

23. **लेखे.**–(1) प्रत्येक हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास का न्यासी सभी प्राप्तियों और संवितरण के नियमित लेखे रखेगा। ऐसे लेखे प्रत्येक कलैण्डर वर्ष के लिए पृथक–पृथक ऐसे प्ररूपों में रखे जायेंगे और उनमें ऐसी विशिष्टियां होंगी जैसी आयुक्त विनिर्दिष्ट करे।

(2) जब भी, आयुक्त के पास यह विश्वास करने का कारण हो कि –

(क) न्यासी, सभी प्राप्तियों और संवितरण का उप–धारा (1) के अधीन अपेक्षित नियमित लेखा नहीं रख रहा है ; या

(ख) हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास के सम्बन्ध में व्यय धारा 22 के अधीन अनुमोदित बजट के अनुसार उपगत नहीं किया जा रहा है ; या

(ग) हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास की वित्तीय स्थिति को अभिनिश्चित करना आवश्यक हो गया है ;

तो आयुक्त न्यासी को निम्नलिखित के लिए निदेश दे सकेगा :–

(i) ऐसी संस्था और विन्यास का और ऐसी अवधि के सम्बन्ध में जो आयुक्त विनिर्दिष्ट करे, सही और संपरीक्षित लेखा देना , या

(ii) जहां लेखाओं की वार्षिक लेखा परीक्षा नहीं की गई है वहां लेखाओं की ऐसी अवधि के लिए जो आयुक्त विनिर्दिष्ट करे, चार्टर्ड एकाऊंटेंट अधिनियम, 1949 के अर्थान्तर्गत चार्टर्ड एकाऊंटेंट से या ऐसे किसी अन्य व्यक्ति से, जिसे सरकार इस निमित्त प्राधिकृत करें, लेखा परीक्षा करवाना।

(3) उप–धारा (2) के अधीन लेखा परीक्षा करने वाले लेखा परीक्षक की पहुंच, न्यासी के कब्जे या नियन्त्रणाधीन लेखाओं, और सभी वहियों, वाऊचरों, अन्य दस्तावेज़ों और अभिलेखों तक होगी। न्यासी ऐसी पहुंच के लिए लेखा परीक्षक को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवायेगा।

(4) मन्दिर न्यासों की आन्तरिक लेखा परीक्षा भाषा एवं संस्कषति विभाग के अनुभाग अधिकार (एस0 ए0 एस0) द्वारा संचालित की जाएगी।

25. **धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास से सम्बन्धित सम्पत्ति के सदोष विधारण के लिए दण्ड.–** कोई भी व्यक्ति, जो

(क) किसी हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास की जिसका प्रबन्ध इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन विनियमित किया गया है, किसी सम्पत्ति, दस्तावेज या लेखा वहियों को अपने कब्जे, अभिरक्षा अथवा नियन्त्रण में रखते हुए, ऐसी सम्पत्ति या दस्तावेज या लेखा वहियों को आयुक्त से या सरकार या आयुक्त द्वारा उनका निरीक्षण करने या मांगने के लिए सम्यक् रूप से प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति से सदोष विधारण करेगा ;

(ख) ऐसी धार्मिक संस्था और विन्यास की किसी सम्पति, दस्तावेज या लेखा वहियों का सदोष कब्जा अभिप्राप्त करेगा या प्रतिधारित करेगा या उसे जानबूझ कर विधारित करेगा या आयुक्त को या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को देने या परिदत्त करने मे असफल रहेगा; या

(ग) ऐसी धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास की सम्पत्ति, दस्तावेज या लेखा बहियों, को सदोष हटाएगा, नष्ट करेगा या विकृत करेगा ;

वह कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दण्डित किया जायेगा।

27. **निदेश देने की शक्ति.**– सरकार, समय–समय पर, आयुक्त द्वारा इस अधिनियम के अधीन दिए गए किसी निदेश को रद्द, उपांतरित या परिवर्तित कर सकेगी और इस अधिनियम के उपबन्धों के प्रभावी कार्यन्वयन के, लिए आयुक्त को साधारण या विनिर्दिष्ट निदेश दे सकेगी और आयुक्त अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में उनका अनुसरण करेगा।

28. **राज्य सरकार की पुनर्विलोकन की शक्ति.**– राज्य सरकार स्वप्रेरणा से या इस अधिनियम के अधीन, वित्त आयुक्त द्वारा किए गए किसी आदेश या निर्णय से व्यथित किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन किए जाने पर, ऐसे आदेश या निर्णय का पुनर्विलोकन कर सकेगी और उस पर ऐसा आदेश कर सकेगी जैसा वह ठीक समझे :

परन्तु राज्य सरकार, इस धारा के अधीन कोई आदेश करने से पूर्व, ऐसे व्यक्ति को जिस पर ऐसे आदेश से प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, सुनवाई का अवसर प्रदान करेगी।

29. **अनुसूची के संशोधन की शक्ति.**– (1) यदि सरकार की यह राय हो कि लोकहित में ऐसा करना समीचीन या आवश्यक है तो वह राजपत्र में अधिसूचना द्वारा किसी हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास को अनुसूची–1 में जोड़ सकेगी या उसमें से लोप कर सकेगी और ऐसी अधिर्सूचना के जारी किए जाने पर अनुसूची तदनुसार संशोधित समझी जायेगी।

(2) ऐसी प्रत्येक अधिसूचना जारी किए जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान सभा के समक्ष रखी जायेगी।

30. **शक्तियों का प्रत्यायोजन.**– (1) राज्य सरकार, धारा 3 की उप–धारा (1) और धारा 34 के अधीन अपने द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के सिवाये इस अधिनियम के अधीन अपनी किन्हीं भी शक्तियों और कृत्यों को आयुक्त या किसी अन्य अधिकारी को ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जैसी वह अधिरोपित करे, प्रत्यायोजित कर सकेगी।

(2) सरकार यह भी निदेश दे सकेगी कि इस अधिनियम के अधीन नियुक्त किए गए किसी अधिकारी द्वारा प्रयोग की जाने वाली किसी भी शक्ति का प्रयोग और अनुपालन किसी अन्य अधिकारी द्वारा ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए किया जायेगा जैसी वह अधिरोपित करे।

(3) ऐसे निदेशों और अनुदेशों के अधीन रहते हुए जैसे कि सरकार, समय–समय पर, जारी करें, आयुक्त सरकार के पूर्व अनुमोदन से अपने किन्हीं कृत्यों को, सरकार के किसी अन्य अधिकारी को या उसके अधीन कार्यरत किसी अन्य व्यक्ति को प्रत्यायोजित कर सकेगा और वैसी ही रीति से, इस प्रकार

प्रत्यायोजित किसी भी कृत्य को, प्रत्याहृत कर सकेगा। आयुक्त कोई भी ऐसे निबन्धन और शर्तें निर्धारित कर सकेगा जिनके अधीन रहते हुए इस प्रकार प्रत्यायोजित कृत्यों का अनुपालन किया जायेगा।

34. **नियम बनाने की शक्ति.**– (1) सरकार, पूर्व प्रकाशन की शर्त के अधीन रहते हुए, इस अधिनियम के उपबन्धों को कार्यान्वित करने के प्रयोजन के लिए नियम बना सकेगी।

(2) पूर्वगामी शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियमों में निम्नलिखित के लिए उपबन्ध किया जा सकेगा –

(क) धारा 3 के अधीन नियुक्त किए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द की सेवा शर्तें ;

(ख) धारा 3 के वह प्ररूप और रीति, जिसमें धारा 6 के अधीन रजिस्टर रखे जायेंगे ;

(ग) धारा 7 के अधीन रजिस्टरों में प्रविष्टियों की जांच;

(घ) वह रीति जिसमें आयुक्त द्वारा धारा 12 के अधीन सम्पत्ति के अन्य संक्रामण को मंजूर करने वाले आदेश प्रकाशित किए जायेंगे ;

(ङ) वह रीति जिसमें धारा 14(2) के अधीन जांच की जानी है ;

(च) वह प्राधिकारी जिसको और वह रीति जिसमें धारा 19 के अधीन अपील की जायेगी ;

(छ) वह प्ररूप और रीति जिसमें धारा 22 के अधीन बजट तैयार किया जायेगा ;

(ज) इस अधिनियम द्वारा या के अधीन रखे जाने के लिए अपेक्षित कथनों और विवरणियों के प्ररूप और अन्य प्ररूप तथा वह रीति जिसमें उन्हें रखा जाना है ;

(झ) हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्त विन्यास के प्रशासन से सम्बद्ध न्यासियों और अन्य व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियां, लेखे और सूचना ;

(ञ) धार्मिक संस्थाओं की सम्पत्ति और भवनों का परिरक्षण, अनुरक्षण, प्रबन्ध और सुधार ;

(ट) मन्दिर में मूर्तियों और प्रतिमाओं का परिरक्षण ; और

(ठ) कोई अन्य बात जो इस अधिनियम के अधीन विहित की जानी है या विहित की जाए।

(3) इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम, बनाए जाने के पश्चात्, यथाशक्य शीघ्र, विधान सभा के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल चौदह दिन की अवधि के लिए रखा जायेगा। यह अवधि एक सत्र में या दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी, और यदि उस सत्र के जिसमें उसे इस प्रकार रखा गया है या उपर्युक्त सत्र के अवसान के पूर्व विधान सभा उस नियम में कोई परिवर्तन करती है तो तत्पश्चात् वह उस परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगी, यदि उक्त अवसान के पूर्व विधान सभा यह विनिश्चय करती है कि वह नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् वह नियम निष्प्रभाव हो जायेगा किन्तु नियम के ऐसे परिवर्तित या निष्प्रभाव होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

BILL NO. 13 OF 2017.

THE HIMACHAL PRADESH HINDU PUBLIC RELIGIOUS INSTITUTIONS AND CHARITABLE ENDOWMENTS (AMENDMENT) BILL, 2017

(AS INTRODUCED IN THE LEGISLATIVE ASSEMBLY)

THE HIMACHAL PRADESH HINDU PUBLIC RELIGIOUS INSTITUTIONS AND CHARITABLE ENDOWMENTS (AMENDMENT) BILL, 2017

ARRANGEMENT OF CLAUSES

Clauses:

1. Short title.
2. Substitution of section 2.
3. Substitution of section 3.
4. Substitution of section 4.
5. Substitution of certain words.
6. Substitution of section 12–A.
7. Amendment of section 15.
8. Amendment of section 18.
9. Amendment of section 23.
10. Amendment of section 29.

Bill No. 13 of 2017

THE HIMACHAL PRADESH HINDU PUBLIC RELIGIOUS INSTITUTIONS AND CHARITABLE ENDOWMENTS (AMENDMENT) BILL, 2017

(AS INTRODUCED IN THE LEGISLATIVE ASSEMBLY)

A

BILL

further to amend the Himachal Pradesh Hindu Public Religious Institutions and Charitable Endowments Act, 1984 (Act No. 18 of 1984).

BE it enacted by the Himachal Pradesh Legislative Assembly in the Sixty-eighth Year of the Republic of India as follows :—

Short title

1. This Act may be called the Himachal Pradesh Hindu Public Religious Institutions and Charitable Endowments (Amendment) Act, 2017.

Substitution of section 2

2. For section 2 of the Himachal Pradesh Hindu Public Religious Institutions and Charitable Endowments Act, 1984 (hereinafter referred to as the "principal Act"), the following shall be substituted, namely,—

"2. Definitions.—In this Act, unless the context otherwise requires.—

(a) "Additional Chief Commissioner (Temple)" means the Additional Chief Commissioner (Temple) appointed under section 3;

(b) "Assistant Commissioner (Temple)" means Assistant Commissioner (Temple) appointed under section 3;

(c) "Charitable endowment" means all property given or endowed for the benefit of, or used as of right by, the community or any section thereof for the support or maintenance of objects of utility to the community or section, such as sarais, rest-houses,

pathshalas, schools and colleges, houses for feeding the poor and institution for advancement of education, medical relief fund and public health or other objects of like nature and includes the institutions concerned;

(d) "Chief Commissioner (Temple)" means the Chief Commissioner (Temple) appointed under section 3 and include every officer, who for the time being exercises the powers and perform the functions of a Chief Commissioner (Temple) under this Act;

(e) "Commissioner (Temple)" means the Commissioner (Temple) appointed under section 3 and includes every officer, who for the time being exercises the powers and perform the functions of a Commissioner (Temple) under this Act;

(f) "Government" or "State Government" means the Government of Himachal Pradesh;

(g) "Hereditary trustee" means the trustee of a religious institution succession to whose office devolves by hereditary right or by nomination by the trustee for the time being in office or is regulated by custom, or is specifically provided for by the founder, so long as such scheme of succession is in force;

(h) "Hindu public religious institution" means a math, temple, smadh, smadhi, dera and endowment attached thereto or a specified endowment, established with a religious object for a public purpose and includes,—

(i) all property movable or immovable belonging to or given or endowed for worship in, maintenance or improvement of, additions to, a math or temple, smadh, smadhi or dera for the performance of any service or charity connected therewith;

(ii) the idols installed in the math or temple, smadh, smadhi or dera clothes, ornaments and things for decoration etc.; and

(iii) religious institution under the direct control of the State Government, but does not include such private religious maths or temple in which the public are not interested:

Provided that any offering, whether in kind or in cash, made by the pilgrims or by any other person in any Hindu Public Religious Institutions shall be deemed to be the property of such religious institutions;

(i) "Joint Commissioner (Temple)" means the Joint Commissioner (Temple) appointed under section 3;

(j) "Math" means a math as understood under Hindu Law;

